मकान व दुकान में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी, नगदी व आभूषण चुरा ले गए, पुलिस जांच में जुटी

अग्र भार संवाददाता

फतेहपुर सीकरी। थाना फतेहपुर सीकरी क्षेत्र के गांवसीकरी चार हिस्सा स्थित मोहल्ला गोटिया पाड़ा में बीती रात एक मकान एवं उससे संबद्ध दुकान में अज्ञात द्वारा चोरी किए जाने का मामला सामने आया है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांचवानिरीक्षण किया । पीड़ित रूप सिंह पुत्र लदूरबाज निवासी सीकरी चार हिस्सा मोहल्ला गोटिया पाड़ा के अनुसार, अज्ञात चोर देर रात उनके मकान और दुकान में घुस गए। चोर दुकान से सामान तथा मकान में रखे आभूषण, हजारों रुपये की नकदी एवं अन्य घरेलू सामान अपने साथ ले गए। चोरी की जानकारी होने पर उन्होंने तत्काल डायल-112 पर सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आवश्यक विधिक कार्रवाई का आश्वासन दिया। मामले में अभी तक चोरी गए सामान के मूल्य का आधिकारिक आकलन सामने नहीं आया है। इस संबंध में सब-इंस्पेक्टर सोम गोस्वामी ने बताया कि चोरी की सूचना प्राप्त हुई है। मामले की जांच की जा रही है आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

ग्राम पंचायतों की आय बढ़ाने पर सचिवों और पंचायत सहायकों को मिला प्रशिक्षण

फतेहपुर सीकरी। ब्लॉक सभागार में बुधवार को ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायतों की निजी आय (ओएसआर) बढ़ाने के उद्देश्य से एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में ग्राम सचिवों एवं पंचायत सहायकों को पंचायतों के राजस्व स्रोतों को सुदृढ़ करने और आय बढ़ाने के विभिन्न उपायों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण शिविर में राज्य प्रशिक्षक दिनेश यादव एवं मास्टर ट्रेनर पूजा शर्मा ने प्रतिभागियों को ओएसआर (ओन सोर्स रेवेन्यू) के महत्व, ग्राम पंचायतों की आय बढ़ाने के प्रभावी उपायों तथा वित्तीय प्रबंधन से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया। उन्होंने पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उपलब्ध संसाधनों के बेहतर उपयोग और स्थानीय स्तर पर आय के स्रोत विकसित करने पर जोर दिया।

इस अवसर पर सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) हरनारायण चौधरी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में ग्राम सचिव वेद प्रकाश, विपिन कुमार, मोहित कुमार, राहुल रावत, जितेंद्र सिंह, हरेंद्र पाल सिंह तथा पंचायत सहायक सिंकू कुमार, रोहतास कुमार, विश्वेंद्र सिंह, पूजा कुमारी, भावना कुमारी, प्रियंका, हरिओम सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया।

वैश्य स्वाभिमान सम्मेलन को लेकर जनसंपर्क अभियान तेज

फतेहपुर सीकरी। अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के तत्वावधान में आगामी 16 अगस्त को सीकरी में आयोजित होने वाले प्रांतीय वैश्य स्वाभिमान सम्मेलन एवं अभिनंदन समारोह की तैयारियां तेज हो गई हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए फतेहपुर सीकरी, जगनेर, खेरागढ़, तांतपुर तथा राजस्थान के भरतपुर क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान परिषद पदाधिकारियों ने वैश्य समाज के प्रतिष्ठित जनों, व्यापारियों, सामाजिक संगठनों एवं गणमान्य नागरिकों से व्यक्तिगत संपर्क कर उन्हें सम्मेलन का निमंत्रण पत्र सौंपा। साथ ही अधिक से अधिक संख्या में सम्मेलन में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की। बाजारों, प्रतिष्ठानों और प्रमुख स्थानों पर पहुंचकर समाज के लोगों से अपने परिवार एवं समाज बंधुओं के साथ सम्मेलन में भाग लेने का आह्वान किया गया। परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुमत गुप्ता ने कहा कि यह सम्मेलन वैश्य समाज की एकता, स्वाभिमान, संगठन और सामाजिक सशक्तिकरण को नई दिशा देने वाला ऐतिहासिक आयोजन होगा। वहीं जिलाध्यक्ष विपिन अग्रवाल ने समाज के सभी लोगों से 16 अगस्त को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर महाआयोजन को सफल बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि "एकता हमारी शक्ति है और स्वाभिमान हमारी पहचान है।"

जनसंपर्क अभियान में पूर्व चेयरमैन त्रिलोक चंद मित्तल, पूर्व चेयरमैन बिनोद अग्रवाल (किराबली), नेमीचंद गर्ग, अंजुल गोयल, प्रदीप गर्ग, राजेंद्र प्रधान, सत्यप्रकाश मंगल, पंकज गर्ग, पप्पू मंगल, सुशील मित्तल, सुनील जायसवाल, नरेश सिंघल आदि शामिल रहे।

12 ज्योतिर्लिंगों की कथा सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु, व्यास पीठ का हुआ पूजन

फतेहपुर सीकरी। कस्बा स्थित बूजेश्वर महादेव मंदिर में आयोजित श्रीशिव महापुराण कथा के सातवें एवं समापन दिवस पर कथा व्यास आदित्य मनोहर पाठक ने भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों की महिमा का विस्तार से वर्णन किया। कथा के दौरान उन्होंने प्रत्येक ज्योतिर्लिंग के प्राकट्य, धार्मिक महत्व और उनके दर्शन-पूजन से मिलने वाले आध्यात्मिक फल पर प्रकाश डाला। कथा सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। कथा के दौरान पूरा पंडाल शिवभक्ति के रंग में रंगा रहा और श्रद्धालु पूरे समय भक्ति भाव से कथा का रसपान करते रहे। 12 ज्योतिर्लिंगों की महिमा सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे तथा भगवान शिव के जयघोष से कथा स्थल गूंज उठा। समापन अवसर पर श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से व्यास पीठ का पूजन किया तथा कथा व्यास आदित्य मनोहर पाठक को दान-दक्षिणा अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं, सहयोगियों एवं व्यवस्थापकों का आभार व्यक्त किया। समापन के साथ ही वातावरण हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से भक्तिमय हो गया।

गोकशी की सूचना पर पकड़ा गया पशुओं से भरा ट्रक, जांच के बाद छोड़ा

अछनेरा (अग्र भारत)। गोकशी की सूचना पर गौ रक्षा दल के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को फरह रोड पर पशुओं से भरे एक ट्रक को रोककर

अछनेरा थाने पहुंचा दिया।कार्यकर्ताओं ने ट्रक पुलिस के सुपुर्द कर कार्रवाई की मांग की। ट्रक चालक दीपक ने बताया कि वह 15 भैंस और तीन गाय खरीदकर फरह (मथुरा) ले जा रहा था। इसी दौरान गौ रक्षा दल के कार्यकर्ताओं ने ट्रक को रोक लिया और थाने ले आए। थाना प्रभारी विजय चंदेल ने बताया कि सूचना पर ट्रक को थाने लाया गया था। वाहन स्वामी ने पशुओं के परिवहन से संबंधित सभी आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किए। पुलिस द्वारा दस्तावेजों की जांच में सभी अभिलेख सही पाए गए। इसके बाद किसी प्रकार की अनियमितता नहीं मिलने पर ट्रक को छोड़ दिया गया।

बिजली चोरी के खिलाफ छापेमारी, सात के खिलाफ एफआईआर दर्ज

रुनकता में सुबह पांच बजे विजिलेंस और विद्युत विभाग की संयुक्त कार्रवाई, आरओ प्वाइंट संचालक टीम देखकर भागे

अग्र भारत संवाददाता

सिकंदरा। रुनकता क्षेत्र में बुधवार सुबह बिजली चोरी के खिलाफ विद्युत विभाग की छापेमारी से हड़कंप मच गया। विजिलेंस टीम और विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने सुबह पांच बजे संयुक्त अभियान चलाकर कई स्थानों पर जांच की। कार्रवाई के दौरान बिजली चोरी करते पकड़े गए सात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

रुनकता उपकेंद्र के जेई कुलदीप सिंह ने बताया कि बिजली चोरी रोकने के लिए

विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पनवारी फीडर से जुड़े अटूस, खड़वाई और रुनकता गांवों में जांच की गई। इस दौरान सात उपभोक्ता बिजली के खंभे से सीधे केबल जोड़कर अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते मिले। टीम ने मौके पर जांच के बाद सभी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की कार्रवाई की।

विद्युत विभाग के विजिलेंस अवर अभियंता संगम चौरसिया ने बताया कि बिजली चोरी रोकने के लिए अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। कार्रवाई करने वाली टीम में जेई कुलदीप सिंह, जेई संगम चौरसिया, उपनिरीक्षक विजय कुमार शर्मा, मुख्य आरक्षी नवीन, विपुल कुमार, ऋतु मिश्रा सहित सविंदाकर्मी नीरज यादव, रविंद्र और प्रवीण कुमार शामिल रहे।

टीम को देखकर आरओ प्वाइंट संचालक भागे

जेई कुलदीप सिंह ने बताया कि छापेमारी के दौरान कुछ आरओ प्वाइंट संचालक टीम को देखकर मौके से भाग गए। ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में लंबे समय से कुछ आरओ प्वाइंट बिजली चोरी कर संचालित किए जा रहे हैं। ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि कार्रवाई से पहले ही कुछ लोगों को सूचना कैसे मिल जाती है। उन्होंने मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

किरावली में दो पक्षों के बीच पथराव, बुजुर्ग की मौत

किरावली (अग्र भारत)। थाना क्षेत्र अंतर्गत कस्बे के मोहल्ला बाग कला में मंगलवार रात करीब नौ बजे दो पक्षों के बीच विवाद के बाद पथराव हो गया। इस दौरान व्यापारियान निवासी 70 वर्षीय अंसार पुत्र सफिया गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के बड़े पुत्र इसरार ने आरोप लगाया कि विवाद के दौरान विपक्षी पक्ष ने छत से ईंट-पत्थर फेंके, जिनमें से एक पत्थर उनके पिता को लग गया, जिससे उनकी मौत हो गई।थाना प्रभारी मदन सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और मौके से जुटाए गए साक्ष्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

बोर्ड उखाड़ने के आरोप में पर कार्रवाई, शांति भंग में चालान

अछनेरा(अग्र भारत)। थाना क्षेत्र अंतर्गत शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अछनेरा पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार अशोक और पवन पुत्रगण जवाहर सिंह पर माहौल खराब करने और एक बोर्ड उखाड़कर फेंकने का आरोप है। पुलिस ने दोनों आरोपितों के खिलाफ शांति भंग में कार्यवाही करते हुए चालान किया है। थाना प्रभारी अछनेरा ने बताया कि क्षेत्र में शांति भंग करने या कानून व्यवस्था प्रभावित करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजनांतर्गत विकास खंड स्तर के अधिकारियों/कर्मचारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

अग्र भारत संवाददाता

आगरा। आयुक्त सभागार में पंचायती राज विभाग द्वारा राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजनांतर्गत पंचायत विकास योजना विषयक जनपद एवं विकास खंड स्तर के अधिकारियों/कर्मचारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ मण्डल आयुक्त नगेंद्र प्रताप द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।



उपनिदेशक पंचायत विभाग, आगरा द्वारा जानकारी दी गयी कि गांवों के विकास और पंचायतों की वित्तीय मजबूती के लिए 16वें वित्त आयोग और पंचायत विकास योजना पर सदस्यों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण में पीडीपी, पंचायत उन्नति सूचकांक के विभिन्न सकेतकों, ई-ग्राम स्वराज पोर्टल तथा 16वें वित्त आयोग के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी।

वहीं प्रतिभागियों का मार्गदर्शन करते हुए मुख्य अतिथि व मण्डल आयुक्त नगेन्द्र प्रताप ने कहा कि सभी सदस्यों को इस प्रशिक्षण में मिलने वाली नई जानकारी को गंभीरता से समझना है और उसी के अनुसार पूरे मनोयोग से गांवों के विकास के लिए कार्य प्रयास करना है। उन्होंने कहा कि आज गांव की जो भी बड़ी समस्याएं हैं, उनके समाधान हेतु कार्य करने की बहुत जरूरत है। जैसे कूड़ा निस्तारण और सफाई गांव की बहुत बड़ी समस्या है। जहां जगह मिलती है वहीं गंदगी-कूड़े के ढेर दिखाई देते हैं। इसलिए कहीं भी कूड़े के ढेर न लगे एवं एकत्रित कूड़े का कैसे निस्तारण किया जाए इसकी कार्य योजना बनाई जाने की आवश्यकता है। आज भी कई ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के घरों में शुद्ध पानी नहीं पहुंचता है, उनके घरों तक पानी कैसे पहुंचे, इस पर भी कार्य करने की आवश्यकता है। जिन ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की पाइप लाइन डाली जा रही है वहां कार्य पूर्ण होने के बाद सड़क/मार्ग का गुणवत्तापूर्ण पुनरूद्धार हो, इसकी मॉनीटरिंग की जाए। आयुक्त ने कहा कि कोई ऑडिट आपत्ति शेष न रहे, यह भी ध्यान रखना है। इस प्रशिक्षण में जो आपको जानकारी दी जा रही है, उसे अच्छे से समझे और उसी के अनुसार काम करें। ये आपकी योग्यता और प्रयास पर निर्भर करता है कि गांवों समस्याओं के समाधान और विकास की दिशा में कैसे काम करते हैं। जिसका काम अच्छा होगा उसे निश्चित रूप से सम्मानित किया जाएगा।

शिव परिक्रमा का स्वागत, न

परिक्रमा मार्ग पर पेयजल, पंडाल, मोबाइल टॉयलेट व घाटों पर बैरीकेडिंग के निर्देश

(अग्रभारत संवाददाता)

आगरा। सावन के दूसरे सोमवार को शहर के प्रमुख शिवालयों से निकलने वाली नगर परिक्रमा को लेकर नगर निगम प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए नगर निगम इस बार परिक्रमा में शामिल होने वाले भोले के भक्तों का पुष्प वर्षा कर स्वागत करेगा। परिक्रमा मार्ग पर जगह-जगह शीतल पेयजल, विश्राम के लिए अस्थायी पंडाल, मोबाइल टॉयलेट और अन्य नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। वहीं मंदिरों के आसपास स्थित घाटों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए बैरीकेडिंग भी कराई जाएगी।

बुधवार को नगर निगम के कार्यकारिणी सभागार में शिव परिक्रमा की तैयारियों को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक में नगर आयुक्त संतोष कुमार वैश्य ने संबंधित अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परिक्रमा शुरू होने से 24 घंटे पहले पूरे मार्ग की विशेष सफाई, स्ट्रीट लाइटों की जांच, जहां आवश्यकता हो वहां सड़क का पैचवर्क तथा जलभराव की संभावनाओं को समाप्त करने के लिए आवश्यक कदम पूरे कर लिए जाएं। किसी भी स्थान पर

अछनेरा में मनचला

कार्रवाई की गई है। कार्रवाई निरीक्षक और रोशनी यादव शामिल रहीं।

डेढ़ घंटे की बारिश में जलमग्न हुआ अछनेरा, कई दुकानों में घुसा पानी

मेन बाजार और गलियों में भरा पानी, व्यापारियों ने जल निकासी व्यवस्था दुरुस्त कराने की उठाई मांग

अग्र भारत संवाददाता

अछनेरा। बुधवार को करीब डेढ़ घंटे तक हुई बारिश ने नगर की जल निकासी व्यवस्था की पोल खोल दी। मेन बाजार समेत करब्बे की कई गलियां जलमग्न हो गईं। जलभराव के कारण कई दुकानों में बारिश का पानी घुस गया, जिससे व्यापारियों को नुकसान उठाना पड़ा और लंबे समय तक कारोबार प्रभावित रहा।



मेन बाजार स्थित बाबा वस्त्रालय, मनोज गोयल सहित कई व्यापारिक प्रतिष्ठानों में पानी भर गया। दुकानदारों ने सामान को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक काफी देर तक दुकानें पानी से घिरी रहीं। बाजार में जलभराव के चलते राहगीरों और ग्राहकों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।व्यापारियों का कहना है कि बरसात के मौसम में हर वर्ष ऐसी स्थिति बन जाती है। उनका आरोप है कि नालों की समय पर सफाई और प्रभावी जल निकासी व्यवस्था नहीं होने के कारण थोड़ी देर की बारिश में भी बाजार और आसपास की गलियां पानी से भर जाती हैं। उन्होंने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार नगर पालिका से शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं हो सका। व्यापारियों ने नगर पालिका प्रशासन से मेन बाजार की जल निकासी व्यवस्था में सुधार, नालों की नियमित सफाई और जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान की मांग की है, ताकि भविष्य में बारिश के दौरान लोगों और व्यापारियों को राहत मिल सके।